## खण्ड ब

2\. (क) किसी आवेशित संधारित्र की धारिता C फैरड तथा संचित ऊर्जा U जूल है। संधारित्र की प्लेटों पर आवेश का व्यंजक लिखिए। *1*

(ख) प्रकाश-विद्युत् प्रभाव क्या है ? *1*

(ग) n-टाइप के अर्धचालक में बहुसंख्यक तथा अल्पसंख्यक आवेश वाहकों के नाम लिखिए। *1*

(घ) विभवमापी के तार में विभव प्रवणता का मान कम करने पर अविक्षेप स्थिति (शून्य विक्षेप) की लम्बाई पर क्या प्रभाव पड़ता है ? *1*

(ङ) धारामापी को वोल्टमीटर में कैसे बदलते हैं ? *1*

(च) 2 अपवर्तनांक तथा $10^\circ$ वाले एक पतले प्रिज़्म से कितना न्यूनतम विचलन-कोण होगा ? *1*

## खण्ड स

3\. (क) यंग के द्वि-स्लिट प्रयोग में, पर्दे पर अधिकतम व न्यूनतम तीव्रताओं का अनुपात 9 : 1 है। स्लिटों की चौड़ाई में क्या अनुपात होना चाहिए ? *2*

(ख) एक तार का प्रतिरोध 2 ओम है। तार की त्रिज्या खींचकर आधी कर दी जाती है। नए तार का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए। *2*

(ग) एक प्रोटॉन तथा एक $\alpha$-कण समान वेग से एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत् प्रवेश करते हैं। उनके परिक्रमण कालों का अनुपात ज्ञात कीजिए। *2*

(घ) एक प्रकाश-विद्युत् सेल से एकवर्णीय बिन्दु प्रकाश स्रोत को r दूरी पर रखने पर, निरोधी विभव V प्राप्त होता है। जब स्रोत को 3r दूरी पर रख दिया जाए, तब निरोधी विभव पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए। *2*



https://www.upboardonline.com

